दिल्ली परिसर पर हिंदी सप्ताह 2017

11-15 सितम्बर 2017

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार संस्थान में संघ की राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को ध्यान में रखते हुए, 11-15 सितम्बर 2017 के दौरान हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्थान राजभाषा के कार्यान्वयन के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक है जिसका जीवंत प्रमाण है कि संस्थान को 14 सितम्बर 2017 को हिंदी दिवस के अवसर माननीय राष्ट्रपति महोदय श्री राम नाथ कोविंद द्वारा 'क' क्षेत्र में राजभाषा के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए **'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'** तृतीय प्रदान किया गया। हिंदी सप्ताह के दौरान हिंदी निबंध, टिप्पण एवं प्रारूपण, प्रश्नोत्तरी तथा कथा-कहानी-कहो अपनी जुबानी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के अधिकांश अधिकारियों व कर्मचारियों ने इन प्रतियागिताओं में अपनी सहभागिता दर्ज की व पूरी तरह हिंदीमय वातावरण तैयार किया गया। इसी श्रृंखला में दिनांक 15 सितम्बर 2017 को हिंदी सप्ताह के समापन के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि मनोरंजन के माध्यम से हिंदी का संदेश प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी तक पहुंचाया जा सके । इस अवसर पर, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोज पंत द्वारा विभिन्न इनामी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से पुरस्कृत करते हुए प्रोत्साहित किया गया।

हिंदी सप्ताह की झलकियां